एक इंद्रधनुष मेरा अपना



डॉन फ्रीमैन

हिंदी आरती जैन

एक इंद्रधनुष मेरा अपना



एक इंद्रधनुष मेरा अपना



डॉन फ्रीमैन
हिंदी आरती जैन

डेविड के लिए



आज मैंने एक इंद्रधनुष देखा।
वह इतना सुन्दर था कि मुझे लगा मैं
उसे अपने लिए अपने पास रख लूँ।



मैंने अपना रेनकोट और कैप उठाया और बाहर भागा।



हवा की तरह तेज भागा,
इंद्रधनुष पकड़ने के लिए।



लेकिन जब मै वहाँ पहुँचा जहां इंद्रधनुष होना चाहिए था



वह गायब था



मैंने सोचा, शायद किसी बारिश के दिन
इंद्रधनुष फिर आएगा और कुछ देर और
रुकेगा, मैं धीरे धीरे चल रहा होउँगा।



और अचानक सर्र- सर्र की आवाज़ आएगी,
जैसे कोई पक्षी बोल रहा हो,मैं मुड़ के देखूँगा।






एक इंद्रधनुष मेरे पीछे पीछे आ रहा है।



मैं समझ जाऊँगा जिस तरह वह लहराता- घूमता मेरे साथ साथ चलेगा।



इंद्रधनुष मेरे साथ खेलना चाहता है



मै जल्दी से उछल के अपने इंद्रधनुष के ऊपर चढ़ जाऊँगा।



और मेरा इंद्रधनुष भी मेरे ऊपर घूमते हुए लहराएगा।



मैं एक तरफ से अपने
इंद्रधनुष के ऊपर चढ़ जाऊँगा



और दूसरी तरफ से फिसलता
हुआ नीचे आऊंगा।



मेरा इंद्रधनुष एक मोरपंख बन जायेगा और मेरे साथ- साथ चलेगा



और मेरा झूला बन जायेगा मैं उसमे लेट कर झुलूँगा।

हम दोनों ,मैं और मेरा इंद्रधनुष छुपन-छुपाई खेलेंगे।

मैं अपनी आँखे बंद करूंगा और बीस तक गिनती गिनूंगा,
और उसको चारो तरफ देखूँगा।





अगर मैं इंद्रधनुष होता, तो कहां छुपता?



शायद एक फूलो के बगीचे में!

एक कतार में रंग-बिरंगे फूल बिलकुल
इंद्रधनुष की तरह लग रहे है।



और अचानक सूरज बारिश के बादलो के बीच
से फिर चमकता हुआ निकल के आ जाता है।



और अचानक मेरा सपनो का इंद्रधनुष गायब हो जाता है,
जैसे सचमुच के इंद्रधनुष गायब हो जाते है।

जब मैं अपने घर वापस आता हूँ , तो देखता हूँ कि
मेरे कमरे की खिड़की में कुछ चमक रहा है।





मैं दौड़ के अंदर भागता हूँ





मैं देखता हूँ की एक इंद्रधनुष मेरे कमरे की दीवार पर नाच रहा है !!

सूरज की रौशनी मेरे गोल्डफिश बाउल के भरे पानी से होकर दीवार पर मेरे लिए.... सिर्फ मेरे लिए, एक इंद्रधनुष बना रही है -

मेरा अपना इंद्रधनुष !!

